वर्ष-01, अंक-16

दैनिक सांध्य | डिजिटल पेपर

# नमस्ते बदायूं

आपके भरोसे की आवाज

बदायूं, रविवार 31 अगस्त 2025, पेज-10 मूल्य 5 रुपए



## ड्रैगन और हाथी साथ आएं: जिनपिंग

### चीन में मोदी-जिनपिंग की 50 मिनट बातचीत

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच एससीओ समिट से पहले मुलाकात हुई।सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। मीटिंग में जिनपिंग ने कहा किमोदी से मिलकर खुशी हुई। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। मोदी ने बातचीत के दौरान कहा–पिछले साल कजान में हमारी बहुत उपयोगी चर्चा हुई थी, जिससे हमारे संबंध बेहतर हुए। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद, शांति और स्थिरता का माहौल बना है। सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों ने समझौता किया है।



खुला राज

## पार्टनर में कुछ खास खूबियां चाहती हैं जान्हवी

जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म 'परम सुंदरी' रिलीज हो चुकी है, इस फिल्म के प्रमोशन के लिए वह कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो पर भी पहुंची थी। इस शो पर जान्हवी ने कुछ खूबियां का जिक्र जो वह अपने पार्टनर चाहती हैं। हाल ही में जान्हवी कपूर को 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में फिल्म 'परम सुंदरी' के को-एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ देखा गया। दोनों ने जहां फिल्म को लेकर बातचीत की, वहीं अपनी लव लाइफ के बारे में भी कुछ बातें साझा कीं। जान्हवी ने बताया कि वह अपने पार्टनर में क्या-क्या खूबियां चाहती हैं। कपिल शर्मा ने शो में पूछा कि जान्हवी आपको कैसे इंप्रेस किया जाए? इस पर वह बोलीं- 'यह खाने पर आधारित है, सर।' आगे सिद्धार्थ मल्होत्रा कहते हैं, 'इन्हें एक कुक चाहिए।'



- रविवार को भी जारी रही बारिश
- सड़कों के साथ घरों में भरा पानी

## पीलीभीत में लगातार बारिश से बिगड़े हालात

**पीलीभीत।** जिले में बारिश का कहर लगातार चौथे दिन भी जारी है। शनिवार रात करीब एक बजे से हो रही बारिश सुबह तक जारी रही। सुबह तेज बारिश होने से शहर के अधिकांश मोहल्लों में पानी भर गया। आवागमन को लेकर भी लोग परेशान हो रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्ग, गली मोहल्लों में पानी भर गया है। सड़कें तालाब जैसी नजर आ रही हैं। बारिश के साथ ही आसमान में कड़कती बिजली ने लोगों के अंदर भय पैदा कर दिया है। शनिवार रात को बिजली की कड़कड़ाहट से लोग काफी सहमे रहे। इधर मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी कर दिया है। पिछले चार दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यक्त हो गया है। शहर में सुनगढ़ी, स्टेशन रोड, मोहल्ला तखान, जोशी टोला, बल्लभनगर,फीलखाना, शेर मोहम्मद और दुधिया मंदिर क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित रहे। इन इलाकों में जलभराव इतना बढ़ गया कि लोगों को घुटनों तक पानी से होकर गुजरना पड़ा। कई घरों में पानी घुस गया। जिससे घरेलू सामान भी खराब होने लगा। कई घरों में तो खाना बनाने तक की दिक्कत हो गई है।

## बदायूं में मानसिक रोगी से दुष्कर्म

- फुटेज सौंप पति ने लगाया दुष्कर्म का आरोप
- सिविल लाइंस क्षेत्र का मामला, पुलिस जांच में जुटी



**बदायूं।** सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी मानसिक बीमार पत्नी को भूसे की कोठरी में ले जाकर युवक ने दुष्कर्म किया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। महिला के पति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह फेरी करता है। 29 अगस्त की शाम को वह जब फेरी करके घर लौटा तो उसकी पत्नी घर पर नहीं दिखी। बेटियों से पूछा तो उन्हें भी कुछ पता नहीं था। पति का कहना है कि उसकी पत्नी मानसिक रोगी है। कुछ देर बाद बदहवास हालत में पत्नी आती दिखी। वह चलने लायक नहीं थी। काफी पूछताछ पर उसने इशारों से बताया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। आरोप है कि उझानी से रिश्तेदारी में गांव आए एक युवक ने दुष्कर्म किया है। युवक महिला को एक गली में भूसे की कोठरी में ले गया यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पति ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**सीसीटीवी फुटेज बयां कर रही हकीकत:** पति ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दी है। युवक जिस गली में जिस भूसे की कोठरी में महिला को ले गया था वहां सामने एक दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगा है। इस कैमरे में गली में महिला को ले जाते व लौटकर आते हुए की फुटेज कैद हो गई है। इसमें साफ दिख रहा है कि लौटकर आते समय मानसिक रोगी महिला ठीकसे चल भी नहीं पा रही है।

## लावेला चौक के पास होम्योपैथी सेंटर में आग



**बदायूं।** लावेला चौक के पास माही इलेक्ट्रो सेंटर में रविवार सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर गाड़ी लेकर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।लावेला चौराहे के पास डा संजीव शर्मा का प्रथमा किसान बैंक के पास पास में माही इलेक्ट्रो होम्योपैथी सेंटर है। रविवार सुबह करीब नौ बजे एकाएक शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। चूंकि अंदर एक साथ ज्यादा लोग नहीं जा सकते थे। इसलिए लोग अंदर घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सके। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। अंदर रखा कंप्यूटर, दवाएं आदि सारा सामान जलकर राख हो गया। आग से अफरा-तफरी मच गई। करीब आधे घंटे के अंदर फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया।

# बदायूं समाचार

बदायूं, रविवार 31 अगस्त 2025




# उसावां में हादसा: पति की मौत, पत्नी व बेटी घायल

**दावत खाकर स्कूटी से जा रहा थे गांव, पत्नी व बेटी अस्पताल में भर्ती**

**बदायूं।** पत्नी व बेटी के साथ दावत खाकर रात में स्कूटी से गांव लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। युवक की पत्नी व बेटी अस्पताल में भर्ती हैं। उसहैत थाना क्षेत्र के ग्राम भकरौली निवासी 35 वर्षीय कुलदीप शनिवार को अपनी पत्नी सीमा देवी व पुत्री आराध्या के साथ दावत खाने उसावां क्षेत्र के ग्राम पचदियोरा दीवाननगर में आए थे। शनिवार रात साढ़े नौ बजे दावत खाकर स्कूटी से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में उसावां मरौरी के बीच अज्ञात



वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार कुलदीप उनकी पत्नी सीमा देवी व पुत्री आराध्या घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। कुलदीप की हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया।परिजन उन्हें बरेली ले जा रहे थे रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। जबकि पत्नी व पुत्री का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन का कहना है कि मरौरी गांव के पास ट्रक ने टक्कर मारी है।

## साइबर अपराध का मुकाबला करने के बताए तरीके



**बदायूं।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में साइबर थाना व साइबर सेल की बैठक की गई। इसमें सभी को डीजी परिपत्र व साइबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के सभी बिन्दुओं से अवगत कराया गया साथ ही साइबर अपराध का मुकाबला करने के तरीके बताए गए। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ह्रदेश कुमार कठेरिया तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी द्वारा पुलिस सभागार कक्ष में समस्त थानों पर गठित साइबर सेल टीम व साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। इसमें साइबर अपराध का मुकाबला करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कहा गया कि साइबर फ्राड के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही की जाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी (प्रशिक्षु) गौरव उपाध्याय,प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम, विनोद कुमार वर्धन,प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल, हरेन्द्र कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर दी गई विदाई

**बदायूं।** रविवार को पुलिस महकमे से सेवानिवृत्त हुए सिमरजीत कौर,



ढालगोपाल सिंह एवं उर्दू अनुवादक अतहर अली खॉ को रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 ह्रदेश कठेरिया द्वारा शॉल,पुष्पहार से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इसके साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों का परिचय पढ़ते हुए पुलिस परिवार की तरफ से इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी,क्षेत्राधिकारी आरटीसी गौरव उपाध्याय,प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह एवं पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवार के लोग मौजूद रहे।



## लाठी डंडे मारकर सिर फोड़ा

**बदायूं।** जरीफनगर के गांव आंतर निवासी संसंसुद्दीन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 30 अगस्त को वह अपने घर पर था। इसी दौरान गांव के मुश्ताक उसकी मां नगीना, साकिर उसके घर पर आ गए और गाली गलौच करने लगे। मना करने पर लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। सिर में लगने से संसंसुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया। उनकी बेटी जन्नत स्कूल जा रही थी। हमलावरों ने उसे भी घेरकर पीटा। तहरीर पर जरीफनगर पुलिस ने उक्तआरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## वजीरगंज के वीडीओ राजेश कुमार निलंबित

**बदायूं।** विकास खंड वजीरगंज के ग्राम विकास अधिकारी राजेश कमार को सरकारी कार्य में लापरवाही व ग्रामीणों के साथा अभद्र व्यवहार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जिला विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे ने ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार को निलंबित करते हुए आदेश में कहा है कि वह विकास खंड मुख्यालय पर होने वाली साप्ताहिक बैठकों में नहीं आते। अपनी तैनाती की ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण नहीं कराया गया। जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी पुसगवां कलस्टर का चार्ज विकास खंड के सचिव को अभी तक हस्तगत नहीं किया गया। इतना ही नहीं आवंटित कलस्टर के ग्रामीणों के साथ अनुचित व्यवहार करने की शिकायत भी मिली है। जिला विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी दातागंज को जांच अधिकारी नामित करते हुए 15 दिन के अंदर निलंबित ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार के खिलाफ जांच पूरी आरोप पत्र गठित कर देने को कहा है।

# ले गए किशोरियों को, ढूंढ रही पुलिस



- इस्लामनगर में दो व कादरचौक थाने में एक रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** जिले से लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटनाएं कम नहीं हो रहीं। इस्लामनगर थाना पुलिस ने किशोरियों को बहल फुसलाकर भगा ले जाने के दो मुकदमे दर्ज किए हैं वहीं एक मुकदमा कादरचौक थाने में दर्ज कराया गया है। अब पुलिस वालों की जिम्मेदारी है इन किशोरियों व उनकों ले जाने वाले युवकों को ढूंढने की। तो पुलिस तलाश में जुट गई है।

### केस-1

#### 40 हजार रुपये व मां के जेवर लेकर चली गई किशोरी

इस्लामनगर के रहने वाले ग्रामीण का कहना है कि वह 13 अगस्त को परिवार समेत जहारवीर बाबा के दर्शन करने के बांगड़ राजस्थान गया था। घर पर उसकी छोटी बहन व मां थी। 17 अगस्त की रात को जब मां सो रही थीं तभी उसकी बहन को बबराला के गांव भीकमपुर जांगीर ढाडा का दुर्वेश अपने साथी नेमपाल के साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी तलाश करने पर भी लड़की का कोई पता नहीं चल सका। युवक का कहना है कि बहन अपने साथ 40 हजार रुपये व मां के जेवर ले गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### केस-2

#### छोटे भाई की पत्नी पर बेटी को भगवाने का मुकदमा

इस्लामनगर के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण का कहना है वह पिछले 15 सालों से हरियाणा में रहकर मजदूरी कर रहा है। वहां उसने अपना घर भी बना लिया है। छोटे भाई की पत्नी पूजा भी वहां रहती है। ग्रामीण का कहना है कि पूजा अक्सर उसकी 15 साल की बेटी से फोन पर बात करती रहती थी। बीती 27 अगस्त को वह परिवार समेत इस्लामनगर में अपने गांव आया। आरोप है कि उसी दिन पूजा की सलाह से कोई युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी तलाश करने पर भी बेटी का कोई पता नहीं चला तब पिता ने थाने में तहरीर दी। इस्लामनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### केस-3

#### कादरचौक से भी किशोरी को भगा ले गया

कादरचौक थानाक्षेत्र के एक गांव के युवक का कहना है कि बीती 28 अगस्त को वह उसकी बहन को बिल्सी के गुधनी गांव का गजेंद्र बहला-फुसलाकर भगा लेग्र गया। बहन का कोई पता न चलने पर युवक ने कादरचौक थाने में आकर तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अब किशोरी को ढूंढने में जुटी है।

# बदायूं समाचार

बदायूं, रविवार 31 अगस्त 2025



- जिले में कई जगह हुई बारिश
- शहर में सुबह से रुक-रुककर हो रही बूंदाबांदी

## छाई काली घटाएं, मौसम हुआ सुहाना

**बदायूं।** जिले में रविवार सुबह से ही मौसम काफी सुहाना हो गया। सुबह से आसमान में घनघोर घटाएं छाई रहीं। जिले में कहीं कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। शहर में सुबह से ही बूंदाबांदी होती रही। उम्मीद लगाई जा रही है कि देर रात तक तेज बारिश हो सकती हे।

पिछले कई दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने तीन सितंबर ते तेज बारिश का अलर्ट भी जारी किया। बदायूं में रविवार सुबह से ही काली घटाएं छा गई। ठंडी हवा चलने लगी। शहर में सुबह से रुक-रुक कर बारिश होती रही। वहीं बिल्सी में तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। इधर, बारिश के चलते किसानों के चेहरे खिल गए। बारिश से लोगों को गर्मी से खासी राहत मिली। रविवार का अवकाश  होने के चलते सरकारी कर्मचारियों नेचाय-पकौड़ी के साथ घर पर सुहावने मौसम का आनंद लिया।



**अलापुर में नाती की मौत, दादी झुलसी**

## बदायूं व पीलीभीत में बिजली गिरने से युवक की मौत




**बदायूं/पीलीभीत।** बिजली गिरने से बदायूं व पीलीभीत में दो युवकों की मौत हो गई। बदायूं में बिजली गिरने से नाती की मौत हो गई जबकि दादी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बदायूं के बरखेड़ा में बिजली गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई।अलापुर थानाक्षेत्र के गांव हयातनगर में दादी और नाती रविवार को घर के बाहर पेड़ के नीचे बैठे थे। बारिश के दौरान बिजली कड़क रही थी। इसी दौरान एकाएक बिजली गिरने से दादी और उनका नाती गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को पहले सीएचसी फिर जिला अस्पताल लाया गया। यहां नाती को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि दादी का इलाज चल रहा है।

### बरखेड़ा में बाइक सवार पर गिरी बिजली

**पीलीभीत।** गजरौला थानाक्षेत्र के ग्राम अमखेडा वाहनपुर निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र किसी कार्य से बाइक से बरखेड़ा आया था ।तभी शहपुरा भट्टा के पास अचानक उस पर बिजली गिर पड़ी। आनन–फानन में वहां पर मौजूद लोगों ने उसे पीलीभीत जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। मौत की खबर लगते ही घर में  कोहराममच गया।



## उझानी में लाखों की चोरी



- डेढ़ लाख रुपये व 13 तौले सोना ले गए चोर
- दीवार से चढ़कर मकान में घुसे चोर

**बदायूं।** उझानी के गांव पिपरौल पुख्ता में शनिवार की रात को चोरों ने एक घर से डेढ़ लाख की नकदी समेत करीब 13 लाख के जेवर चोरी कर लिए। ग्रामीण ने घटना की तहरीर उझानी पुलिस को दी है। पिपरौल पुख्ता गांव के वीरपाल कश्यप रेलवे से रिटायर्ड है। उनका एक लड़का विजय रेलवे में दूसरा सेना में  बाहर है। एक लड़का घर पर रहता है। बताते है कि शनिवार की रात को दो लड़कों की पत्नियां कमरों के बाहर बरामदे में सो रही थीं। वीरपाल नीचे आंगन में सो रहे थे। रात में पीछे दीवार फांदकर चोर घर में घुस आए। बताया जा रहा है कि चोरों ने कमरे के बाहर टंगे थैले से चाबियां निकाल कर कमरे की अलमारी खोल ली। नीचे के दो कमरे इसके बाद ऊपर के दो कमरों में रखे अलमारी व बक्सों को खंगाला। बकौल गृह स्वामी चोरों ने घर में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये व 13 तौला सोने के जेवर चोरी कर लिए। सुबह पांच बजे जब घर की महिलाएं जागी तो अंदर कमरों में सामान फैला देखा। इसके बाद चोरी का पता चला। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। वीरपाल के बेटे विजय ने बताया कि अभी हाल ही में गल्ला बेचा था उसी के डेढ़ लाख रुपये घर में रखे थे जो चोर लेगए।

## ब्लॉक प्रमुख के भाई के पेट्रोल पंप से कैश व चेक ले गया साझेदार

- आरोपी रिटायर्ड फौजी के खिलाफ उझानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज
- पेट्रोल पंप स्वामी बोला- मुझ पर तान दी थी लाइसेंसी रिवाल्वर



**बदायूं।** ब्लॉक प्रमुख के भाई के पेट्रोल पंप से एक साझेदार ने साइन किए हुए चेक व 2.35 लाख रुपये लूट लिए। साथ ही लाइसेंसी रिवाल्वर से जान से मारने की धमकी दी। दोनों पक्षों में बातचीत के बाद भी समझौता नहीं हुआ तब उझानी पुलिस ने आरोपी रिटायर्ड फौजी सुनील तोमर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

उझानी के इटौआ गांव निवासी प्रेम सिंह शाक्य का कहना है कि एनएच530बी पर उनका पेट्रोल पंप है। पंप उन्होंने अपनी पुस्तैनी जमीन पर लगाया है। पंप लगाते समय उन्होंने रिटायर्ड फौजी वितरोई के ग्राम सिकन्दराबाद निवासी सुनील तोमर से सहयोगी के रूप में पांच लाख रुपये लगवाए थे। आरोप है कि 16 मई 2025 की सुबह दस बजे सुनील कार से पेट्रोल पंप पर आए व यहां पर प्रेम सिंह व उनके बेटे के साइन किए हुए चेक व 2.35लाख रुपये लेकर चले गए। कहा कि पंप में उनकी भी हिस्सेदारी है, उन्हें कुछ नहीं दिया। प्रेम सिंह का कहना है कि सुनील तोमर ने उन पर लाइसेंसी रिवाल्वर निकालकर तान दी। साथ ही कहा कि उनके पास रायफल भी है, जिंदा नहीं छोड़ूंगा। किसी तरह उन्होंने भागकर जान बचाई। सूचना पर प्रेम सिंह के छोटे भाई व ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य पेट्रोल पंप पर आए तब तक सुनील जा चुके थे।

मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया। लेकिन यहां भी समझौता नहीं हुआ। इधर सुनील ने प्रेम सिंह की जमीन को लेकर एनएचएआई में शिकायत कर दी। प्रेम सिंह ने आरोपी सुनील के दोनों असलहों के लाइसेंस निरस्त कर घटना की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। उझानी पुलिस ने आरोपी सुनील तोमर के खिलाफ 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बदायूं आस-पास



बदायूं, रविवार 31 अगस्त 2025

## लखनऊ में पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट, सात लोगों की मौत की खबर, पांच घायल



**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी में पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट से सात लोगों के मरने की आशंका है। जबकि पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। फिल्मी स्टाइल में भवन उड़ा। देखकर लोगों के दिल दहल गए। राजधानी लखनऊ में रविवार को पटाखा फैक्टरी में अचानक विस्फोट हो गया। जोरदार धमाके से पूरा इलाका दहल उठा। आवाज सुनकर लोग घरों से निकलकर मौके की तरफ भागे। स्थानीय लोगों ने अंदर फंसे लोगों को बचाने का प्रयास शुरू किया। घटना गुडंबा थाना क्षेत्र के बेहटा इलाके की है। उधर, पुलिस और एंबुलेंस को भी सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस, एंबुलेंस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घायल लोगों को अस्पताल भेजा। घटना में करीब सात लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है। करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। राहत बचाव कार्य जारी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पटाखा फैक्टरी में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

## नाबालिग भाई-बहन पर साइबर ठगी का आरोप, परिवार सदमे मेंजपिता बोले- सीएम और पीएम तक लगाऊंगा गुहार

**कानपुर, एजेंसी।** महाराजपुर के अशोक गंगापुत्र के नाबालिग बेटे-बेटी पर साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज होने से परिवार सदमे में है। पीड़ित ने पहले ही एक करोड़ रुपये खाते में आने की शिकायत पुलिस को दी थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर अब न्याय की गुहार मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से लगाने की बात कही है। कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के पुरवामीर गांव में रहने वाले अशोक गंगापुत्र के दो नाबालिग बच्चे प्रकाश और पूनम साइबर ठगी के मामले में फंस गए हैं। शुक्रवार को नौबस्ता थाना पुलिस ने दोनों पर साढ़े तीन लाख रुपए की साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज होने की जानकारी दी और बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। अशोक, जो मजदूरी कर परिवार चलाते हैं, ने बताया कि बच्चों के खाते केवल छात्रवृत्ति के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा में खोले गए थे और उनमें कभी लेन-देन नहीं हुआ। 13 अगस्त को बैंक कर्मियों ने घर आकर सूचना दी कि प्रकाश के खाते में एक करोड़ रुपये आए हैं। उन्होंने कई कागजों पर साइन भी करवा लिए।

## कहा था ना बदला लूंगा, ये बोलकर युवक को मार दी गोली, इस सपा विधायक का रिश्तेदार है आरोपी

**बिजनौर, एजेंसी।** गांव बेगावाला निवासी नितिन चौधरी मेला देखने गया था। वहीं उसे गोली मार दी गई। गंभीर हालत में नितिन को मेरठ रेफर किया गया है। वहीं पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। दोस्तों के संग नवमी का मेला देखने गए युवक को गांव गनौरा में गोली मार दी गई। गंभीर हालत में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शनिवार देर रात शाम थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव बेगावाला निवासी नितिन चौधरी (27) पुत्र बलबीर सिंह अपने दोस्तों के साथ मेला देखने गांव गनौरा गया था। वहां पर गांव के ही सूरज सैनी ने नितिन चौधरी को गोली मार दी। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच करीब 2 साल से रंजिश चल रही थी। गोली मारने वाला आरोपी सूरत सैनी नूरपुर से सपा विधायक राम अवतार सैनी के चचेरे भाई का बेटा है। सूरत सैनी के पिता का गांव में शांति निकेतन के नाम से स्कूल है। गोलीकांड के बाद पुलिस उक्त स्कूल में भी छानबीन के लिए पहुंची। वहीं युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक नगीना का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



# पॉलिटिक्स में 'आग' शहर पानी-पानी

### सोशल मीडिया पर नगरपालिका की हो रही फजीहत

### सड़कों का हाल नदियों जैसा, जनता परेशान

नवजोत सक्सेना

पीलीभीत में यूं तो दो माननीयों के बीच छिड़ी मौन जंग किसी से छिपी नहीं है। लेकिन इन सबके बीच पिछले तीन-चार दिन से हो रही बरसात ने जनता के मुंह पे लगे तालों को खोल दिया है। शहर में लगातार बरसात से बिगड़े हालात को देखकर नगरपालिका परिषद के प्रति लोगों में आक्रोश साफ तौर पर देखा जा सकता है। सोशल मीडिया कमेंट्स से पटा पड़ा है। सोशल मीडिया के जरिए लोग अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। वजह साफ है कि बरसात आने से पहले माकूल इन्तेजामात करने में नगर पालिकाध्यक्ष की विफलता। पीलीभीत शहर की मुख्य समस्या बरसात के मौसम में जलभराव होना है, यहां हालात इतने खराब हैं कि शहर की पॉश कॉलोनियों से लेकर ऑफिसर्स कॉलोनी, डीएम आवास, जजेज कॉलोनी तक जलभराव से अछूति नहीं हैं।जनता को उम्मीद थीं कि भाजपा की नगर पालिका अध्यक्ष चुने जाने पर विकास कार्यों को गति मिलेगी एवं ट्रिपल इंजन की सरकार की रफ्तार तेज होगी, लेकिन इसके इतर यहां दो इंजन तो आपस में टकरा गए। मसलन राज्यमंत्री प्रतिनिधि एवं भाजपा जिलाउपाध्यक्ष राकेश सिंह द्वारा नगर पालिकाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोला जाना और विकास कार्यों की समीक्षा एवं कई अनियमित्ताओं को लेकर शिकायती पत्र दिया जाना, दर्शाता है कि पीलीभीत में डबल इंजन की रफ्तार रुक सी गयी है,, जिसका खामियाजा पीलीभीत की जनता को उठाना पड़ रहा है। बरहाल जनता की शिकायतें व नाराज़गी लाज़मी है, शहर के मुख्य मार्ग, स्टेशन रोड, जेपी रोड, मोहल्ला मोहतशिम खां, धुनों वाला चौराहा, कृष्ण विहार कॉलोनी, गोदावरी स्टेट, जीटीआई रोड, बल्लभ नगर हर तरफ पानी ही पानी है। लोगों का गुस्सा अब सोशल मीडिया पर फूट रहा है जो इस समय चर्चा का विषय है। जागो एवं जगाओ स्पेशल पीलीभीत ग्रुप पर बल्लभ नगर कॉलोनी में सड़क पर हुए जलभराव का वीडियो डालते हुए एक सदस्य ने लिखा - बल्लभ नगर बना स्विमिंग पूल, धन्यवाद नगर पालिका तो वहीं प्रेस पब्लिक पॉलिटिशियन ग्रुप पर सुमित सक्सेना लिखते हैं- जनता भूल गई कि पढ़े-लिखे जनप्रतिनिधि मात्र विकास का आधार नहीं होते। कई स्थानों पर अनपढ़ और निरक्षरजनप्रतिनिधियों ने So called elite & educated लोगों से बेहतर काम कराया है।आप तो जीतकर आईं थीं, लोगों को उम्मीद थी कि बेहतर काम होगा... आपके भाषण सच होंगे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि सब हवा-हवाई और फोटोजेनिक है। एलपी सागर लिखते हैं- नालियों की तली झाड़ सफाई होती नहीं है जोपानी के निकासी के रास्ता थे उन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर पानी के निकासी को अवरुद्ध कर दिया है। अब जनता हो रही है पानी पानी, निरंजन कुंज कॉलोनी में कभी भी पानी नहीं भरता था और ना ही कभी बाढ़ आती है इस समय कॉलोनी में पानी भरा है।

**लोग बोले-**

शहर के सौरभ सक्सेना कहते है कि हकीकत ये है कि जब तक देवहा में ठान्स न लगे (बाढ़ के कारण पानी की वापसी )तब तक शहर में जलभराव नहीं होना चाहिए क्योंकि लगभग शहर का सारा ड्रेन उसी में जाता है। शहर में नालो कानिर्माण व उनकी कनेक्टिविटी न होने के कारण जलभराव होता है।

## अबीर गुलाल और ढोल नगाड़ों से किया गणपति को विदा



**बरेली।** सचिव कॉलोनी वेलफेयर सोसाइटी बदायूं रोड में विराजे गणपति को रविवार को विदाई दी गई। गणपति बप्पा मोरया, अगले वर्ष तू जल्दी आ के जयघोष के साथ धूमधाम से गणेश प्रतिमा को रामगंगा में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी की महिलाएं पुरुष और बच्चे नृत्य करते हुए व एक-दूसरे पर गुलाल की बारिश करते हुए रामगंगा तक गए। सचिव कॉलोनी में इस वर्ष शुद्ध मिट्टी के गणेश (इको फ्रैंडली) स्थापित किए गए थे। साथ ही सभी लोगों से शुद्ध मिट्टी के गणपति स्थापित करने की सलाह दी गई थी जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान न हो । इस अवसर पर डॉक्टर सुबोध अस्थाना,अखिलेश शंखधार,डॉक्टर अवनीश,प्रदीप गुप्ता,राहुल शर्मा, वैभव अस्थाना, गोलू, शिवा, यश यादव, ऋतु शंखधार, शिल्पी सिंह, रुचि अस्थाना, प्रतीक्षा मिश्रा, महिमा अस्थाना, निखिल, आदर्श,अभय,निहारिका, सोनी,आरव आदि उपस्थित रहे।

## अमृत-बिन्दु

# अध्यात्म योग

आंतरिक सत्संग से नष्ट होते हैं मन के विकार हमारे यहाँ की साधना न राजयोग की है, न हठयोग की, न शब्दयोग की है, न ध्यान योग की। यह योग सारे योगों से अलग है जिसे अध्यात्म योग का नाम दिया गया है। इसके दो अंग है– एक सत्संग, दूसरा आत्म समर्पण। सत्संग के दो भेद हैं– एक वाह्य, दूसरा आन्तरिक। पहले प्रकार का सत्संग ज्ञान, कर्म, उपासना प्राप्त करा सकता है पर ब्राह्मी स्थिति तक पहुंचाने और प्राप्त कराने वाला आन्तरिक सत्संग ही है और वही हमारे यहाँ की साधना है।



समर्थ गुरु परमसंत डा. चतुर्भुज सहाय महाराज

आत्मा में ही आत्मा को स्थिर कर देना अथवा आत्मरूपी अग्नि में मन, बुद्धि तथा अहंकार की आहुति दे देना योग कहलाता है। योग की अनेक रीतियाँ हैं, जैसे राजयोग, हठयोग, लययोग, मानसिक योग, आसुरी योग इत्यादि। हम जिस योग का साधन करते हैं और यहाँ जिस योग को शिक्षा दी जाती है वह इन सबसे सरल औरउ' च कोटि का अध्यात्मयोग वा आत्मयोग है कि जिसके मुख्य आचार्य परमगुरु और परम योगेश्वर श्री महात्मा रामचन्द्र जी महाराज थे। जिन्होंने अपने निजी अनुभव से आजकल के वातावरण के अनुकूल पुरानी प्रथाओं को नवीन संस्कार कर एक अत्यन्त सुगम और नवीन शैली संसार के सम्मुख रखी है। इससे जिज्ञासु अल्पकाल ही में इतनी उन्नति कर सकता है कि जितनी दूसरे प्रकार के साधन करने वालों को वर्षों के कठिन परिश्रम से भी नहीं प्राप्त होती। कोई–कोई अधिकारी तो प्रथम दिवस से ही समाधि का आनन्द लेने लगते हैं। विशेषता यह है कि इसके लिए न तो घर–बाहर के त्यागने की जरूरत है और न वन पर्वतों में रहकर तप करने की, स्त्री–पुत्रों में रहता हुआ, नौकरी–चाकरी और व्यापार करता हुआ प्रत्येक मनुष्य बड़ी सुगमता से इसे निभा सकता है।
इस अध्यात्म योग के मुख्य साधन केवल दो ही हैं– एक सत्संग, दूसरा आत्म–समर्पण। सत्संग भी दो प्रकार का होता है– एक वाह्य, दूसरा आन्तरिक । वाह्य सत्संग से त्रैविद्या ऋग यजु और साम अर्थात् ज्ञान, कर्म, उपासना प्राप्त होती है। इन्हीं को दूसरे शब्दों में श्रद्धा, निष्ठा और भक्ति कहते हैं और आन्तरिक सत्संग का फल ब्राह्मी स्थिति है।आन्तरिक सत्संग के द्वारा शीघ्र ही मन के विकार नष्ट हो जाते हैं। नाड़ियाँ शुद्ध और प्रकाशवती वन जाती है और अभ्यासी अल्पकाल में ही कुल कुण्डलिनी को जागरण कर तमाशा देखने लगता है और साथ ही साथ धुन्यात्मक और वर्णात्मक आदि अन्दर के शब्दों को साफ–साफ सुनने लगता है। इस तरह साधक पोग स्थानों को भेदता हुआ और उसका आनन्द लेता हुआ पूर्ण धाम को प्राप्त हो जाता है। उस समय उसके मन से वासनायें विदा हो जाती हैं, उसका हृदय शुद्ध और निर्मल बन जाता है, द्वन्द्व की अवस्था परे हट जाती है और वह प्रत्यक्ष रूप से आत्मा का दर्शन करने लगता है।
सत्संग की महिमा अपार है। सारे ही महापुरुषों ने इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। सत्संग से श्रद्धा उत्पन्न होती है, सत्संग में जाकर ही विश्वास आता है और जिस समय मनुष्य विश्वास पूर्वक भक्ति करने लगता है तो एक न एक दिन वह पतंगे की तरह भगवान की अनन्त कान्तिमय विमल 'योति के चारों ओर अपने को मंडराता हुआ पाता है– यही प्रेम है।

(साभार साधन पत्रिका, रामाश्रम सत्संग मथुरा)

संवैधानिक कसौटी और समानता का सवालः संविधान के अनुच्छेद 14 सभी को समानता का अधिकार देते हैं, अनुच्छेद 15(3) महिलाओं और बच्चों को विशेष संरक्षण प्रदान करता है और अनुच्छेद 21 हर नागरिक को गरिमा और जीवन का अधिकार सुनिश्चित करता है। ये अधिकार धर्म या परंपरा पर निर्भर नहीं हैं। जब हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध या पारसी बच्चियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इसे 15 या 16 वर्ष में वैध ठहराया जाता है, तो यह नागरिकता की समानता के सिद्धांत पर सीधा आघात है।

# बच्चियों की सुरक्षा, न्यायालय और पर्सनल लॉ : जरूरी है समान नागरिकता

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

भारत के लोकतांत्रिक ढांचे के सामने इस समय सबसे गंभीर सवाल यह है कि क्या देश की बच्चियों और बच्चों की सुरक्षा उनकी धार्मिक पहचान और पर्सनल लॉ से तय होगी या फिर संविधान और संसद द्वारा बनाए गए कानून सभी पर समान रूप से लागू होंगे। यह सवाल केवल कानूनी तकनीक या न्यायिक व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के भविष्य और राष्ट्र की दिशा तय करने वाला है। हाल के वर्षों में विभिन्न उच्च न्यायालयों ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए यह कहा कि यदि कोई मुस्लिम लड़की यौवन प्राप्त कर चुकी है तो उसका विवाह, भले ही वह 18 वर्ष से कम उम्र की हो, वैध माना जाएगा। इन निर्णयों के पीछे तर्क दिया गया कि शरीयत के अनुसार यौवन विवाह की क्षमता प्रदान करता है। परंतु यह व्याख्या बच्चों के अधिकारों, संसद द्वारा बनाए गए पॉक्सो कानून और संविधान के मूलभूत सिद्धांतों को सीधी चुनौती देती है।

संसद ने 2012 में बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए पॉक्सो अधिनियम पारित किया। इसमें साफ-साफ परिभाषा दी गई कि 18 वर्ष से कम उम्र का हर व्यक्ति बच्चा है और उसके साथ किसी भी प्रकार का यौन संबंध अपराध है, चाहे वह विवाह के नाम पर ही क्यों न हो। जब अदालतें पर्सनल लॉ के आधार पर इस प्रावधान को दरकिनार करती हैं, तो केवल कानून का उल्लंघन नहीं होता, बल्कि यह एक ऐसी दोहरी व्यवस्था पैदा करता है, जो संविधान की समानता की गारंटी को कमजोर करती है।




संवैधानिक कसौटी और समानता का सवालः संविधान के अनुच्छेद 14 सभी को समानता का अधिकार देते हैं, अनुच्छेद 15(3) महिलाओं और बच्चों को विशेष संरक्षण प्रदान करता है और अनुच्छेद 21 हर नागरिक को गरिमा और जीवन का अधिकार सुनिश्चित करता है। ये अधिकार धर्म या परंपरा पर निर्भर नहीं हैं। जब हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध या पारसी बच्चियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इसे 15 या 16 वर्ष में वैध ठहराया जाता है, तो यह नागरिकता की समानता के सिद्धांत पर सीधा आघात है। राष्ट्र तभी ÷एक कानून, एक सुरक्षा÷ की दिशा में आगे बढ़ सकता है, जब सभी बच्चियों को उनकी धार्मिक पहचान से परे समान सुरक्षा मिले। अन्यथा भारत दोहरी व्यवस्था वाला देश बन जाता है, जहाँ एक समुदाय की बेटी को राज्य का संरक्षण मिलता है और दूसरी बेटी उसी उम्र में ÷वैवाहिक बंधन÷ के नाम पर असुरक्षित छोड़ दी जाती है।

विधिक ढांचा और न्यायालयों की व्याख्याः देश में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और पॉक्सो अधिनियम, 2012 दोनों स्पष्ट रूप से 18 वर्ष की आयु से पहले विवाह और यौन संबंधों को अपराध घोषित करते हैं। इतना ही नहीं, उच्चतम न्यायालय ने 2017 में इंडिपेंडेंट थॉट बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के ऐतिहासिक फैसले में कहा कि यदि पत्नी की आयु 18 वर्ष से कम है तो उसके साथ यौन संबंध बलात्कार के समान अपराध होगा। इस फैसले ने परंपरा को बच्चों की सुरक्षा से ऊपर रखने से इनकार किया और संविधान की सर्वोच्चता को स्थापित किया। बावजूद इसके, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय जैसे कुछ न्यायालयों ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देकर नाबालिग विवाह को मान्यता दी। वहीं, दिल्ली और केरल उच्च न्यायालय ने साफ कहा कि पॉक्सो सभी व्यक्तिगत कानूनों से ऊपर है। यह विरोधाभास अपने आप में इस आवश्यकता को रेखांकित करता है कि अब सर्वोच्च न्यायालय को संविधान पीठ गठित कर स्पष्ट और सर्वमान्य निर्णय देना चाहिए।

अरशद मदनी ने यह बयान किसी सामान्य मौके पर नहीं, बल्कि एक सभा में दिया। उनका यह दावा केवल अतीत का किस्सा नहीं बल्कि वर्तमान की राजनीति पर भी तीखा प्रहार है। भाजपा ने इसे हाथोंहाथ लिया और कांग्रेस पर एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस बयान का जवाब उसी तेवर में दिया, जिसके लिए वे जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले ही उन्हें धमकी दे चुके थे और अब मदनी ने चेतावनी दी है। 'जितनी ज्यादा धमकी दोगे, उतना ही ज्यादा असम के लोग उठ खड़े होंगे और मुकाबला करेंगे।'

# कोई माने या ना माने, कांग्रेस का दिल तो मुसलमानों के लिए धड़कता है !

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

असम की राजनीति में अचानक एक 'लेटर बम' फूटा है। जमीयत-उलेमा-ए-हिंद (ए) के प्रमुख अरशद मदनी ने दावा किया कि उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक चिट्ठी लिखी थी। उस चिट्ठी में उन्होंने साफ आग्रह किया था कि हिमंता बिस्वा सरमा को कांग्रेस से टिकट न दिया जाए, क्योंकि वे ÷आरएसएस मानसिकता वाले÷ हैं और असम में आग लगाने का काम कर सकते हैं। वस्तुत- अब इस बयान को सुनते ही राजनीति गरमा उठी है। दरअसल, मदनी के इस कथन ने सीधे-सीधे कांग्रेस की टिकट वितरण प्रक्रिया पर सवाल खड़ा कर दिया। क्या कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल का टिकट इस तरह धार्मिक संगठनों या मौलवियों की सिफारिशों पर निर्भर करता है? और अगर ऐसा है तो कांग्रेस में मेहनत कर रहे हिंदू कार्यकर्ताओं की स्थिति क्या होगी? ये प्रश्न अचानक पूरे देश की बहस का हिस्सा बन गया है।





अरशद मदनी ने यह बयान किसी सामान्य मौके पर नहीं, बल्कि एक सभा में दिया। उनका यह दावा केवल अतीत का किस्सा नहीं बल्कि वर्तमान की राजनीति पर भी तीखा प्रहार है। भाजपा ने इसे हाथोंहाथ लिया और कांग्रेस पर एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस बयान का जवाब उसी तेवर में दिया, जिसके लिए वे जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले ही उन्हें धमकी दे चुके थे और अब मदनी ने चेतावनी दी है। ÷जितनी ज्यादा धमकी दोगे, उतना ही ज्यादा असम के लोग उठ खड़े होंगे और मुकाबला करेंगे।÷ सरमा ने साफ कहा कि वे अवैध रूप से बसे लोगों को बेदखल करना जारी रखेंगे और मूल निवासियों के भूमि अधिकार सुरक्षित करेंगे। उन्होंने मदनी और राहुल गांधी दोनों को असम के लोगों से लड़ने की चुनौती दी और ऐलान किया कि ÷हम उन्हें हरा देंगे।÷

असल में मदनी का यह बयान उस पृष्ठभूमि में आया है जब असम में बेदखली अभियानों पर जमीयत और भाजपा सरकार आमने-सामने हैं। पिछले कुछ महीनों में गोलपाड़ा, धुबरी और नलबाड़ी जिलों में हजारों परिवारों को बेदखल किया गया है।

# ट्रंप टैरिफ से कोविड स्टाइल में निपटेगी मोदी सरकार, फिर लागू हो सकती हैं लॉकडाउन वाली योजनाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी का टैरिफ लागू कर दिया है। इस टैरिफ का सीधा असर भारतीय निर्यातकों और कामगारों पर पड़ने वाला है। वहीं टैरिफ से लाखों नौकरियों पर भी खतरा मंडरा रहा है। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम से बचने का रास्ता मोदी सरकार ने निकाल लिया है। कोविड लॉकडाउन के दौरान जिस तरह की योजनाएं लागू की गई थीं, कुछ उसी स्टाइल में सरकार लोगों को राहत देने की योजना बना रही है। इसके अलावा अमेरिका से अलग बाजार तलाशने और ग्लोबल सप्लाई चेन के एकीकरण के लिए लंबी अवधि की रणनीतियों पर काम किया जा रहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक दो सीनियर अधिकारियों ने बताया कि सरकार सबसे पहले नकदी की समस्या का समाधान निकालने पर विचार कर रही है। वहीं निर्यात और रोजगार बचाने के लिए सरकार कोविड स्टाइल में योनजाएं चलाना चाहती है। ट्रंप के टैरिफ की वजह से कई तरह के दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। जैसे कि भुगतान में देरी, देर से सामान का पहुंचना, ऑर्डर रद्द होना। वहीं निर्यात को बरकरार रखने के लिए नई मार्केट की जरूरत है। जब तक नई मार्केट नहीं मिलती, निर्यातकों को ऑपरेशन जारी रखने के लिए राहत देना जरूरी है।

**सरकार कर सकती है राहत पैकेज का ऐलानः** अधिकारियों के मुताबिक सरकार ने कोरोना लॉकडाउन के दौरान जिस तरह के राहत पैकेज का ऐलान किया था, उसी तरह के राहत पैकेज का एक बार फिर ऐलान हो सकता है। उद्योगों में नकदी की समस्या, खास तौर पर लघु और मध्यम उद्योगों के लिए इस तरह की योजनाएं जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इमर्जेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) जैसी योजनाओं पर फोकस करना चाहती है जो कि 100 फीसदी गारंटी के साथ बिना जमानत के लोन उपलब्ध करवा सकें। इससे लाखों छोटे और मध्यम उद्योग दीवालिया होने से बच जाएंगे। लॉकडाउन के दौरान जब 68 दिनों के लिए औद्योगिक गतिविधियां ठप हो गई थीं, तब इसी योजना ने उद्योगों को बचा लिया था।

अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा समस्या और उसके समाधान को देखते हुए इन योजनाओं में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तत्काल राहत के साथ सरकार चरणबद्ध तरीके से भी योजानाएं लागू करेगी जिससे लंबी अवधि की रणणनीति तैयार हो सके। नकदी उपलब्ध करवाने के साथ ही मौजूदा व्यापार समझौतों को मजबूत करने और नई मार्केट में अवसरों की तलाश का काम भी तेज होगा।

अधिकारियों ने कहा कि टैक्स से जुड़ी भी कई राहत देने पर सरकार विचार कर रही है। इसमें जीएसटी रिफॉर्म भी शामिल है। अगले सप्ताह होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में टैक्स घटाने से संबंधित कई फैसले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर मजबूती की वजह से भारत की अर्थव्यवस्था को खतरा नहीं है। टैरिफ जैसे बाहरी फैक्टर भारत की अर्थव्यवस्था को ज्यादा प्रभावित नहीं कर पाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि घरेलू उपभोग की वजह से अर्थव्यवस्था लचीली है। निर्यात अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन यह भारत की जीडीपी 4.12 ट्रिलियन डॉलर का छोटा हिस्सा है। निर्यात का जीडीपी में योगदान केवल 10 फीसदी यानी 438 मिलियन डॉलर का ही है।

ऐसे में जून में समाप्त होने वाली तिमाही में भी आर्थिक वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही।

## दिल्ली पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, दो गिरफ्तार, 2 करोड़ की स्मैक जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नशा मुक्त दिल्ली के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। 19 अगस्त को इंस्पेक्टर संदीप स्वामी की अगुवाई में एनआर-द्वितीय टीम ने बुरारी निवासी सौरव उर्फ आर्यन (29 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 446 ग्राम स्मैक एवं हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये है। इसके बाद 21 अगस्त को इस ड्रग सिंडिकेट की सरगना सुरेखा उर्फ शन्नो (40 वर्ष) को उत्तम नगर से गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 19 अगस्त को सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर इंस्पेक्टर संदीप की अगुवाई में पुलिस टीम ने छापेमारी कर आर्यन को गिरफ्तार किया। इस ऑपरेशन को डीसीपी हर्ष इंडोरा के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। वहीं, आर्यन से मिली जानकारी के आधार पर 21 अगस्त को क्राइम ब्रांच ने ड्रग सिंडिकेट के सरगना सुरेखा उर्फ शन्नो (52 वर्ष) को उत्तम नगर के हस्तल रोड स्थित जेजे कॉलोनी के मकान संख्या ए-616 से गिरफ्तार किया। वह स्मैक की मेन सप्लायर थी। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आर्यन पहले भी मंगोलपुरी में छिनैती और सागरपुर-किरारी में अवैध शराब व्यापार में शामिल था। उस पर आठ मुकदमे दर्ज हैं। शादी के बाद वह ऑटो-रिक्शा चालक बना और शन्नो के संपर्क में आने के बाद ड्रग तस्करी करने लगा। शन्नो का भी अपराध का लंबा इतिहास है। उस पर अवैध शराब, गांजा और चरस बेचने के 16 मामले दर्ज हैं। वर्ष 2022 में जेल से रिहा होने के बाद उसने अपने बेटे आकाश के साथ मिलकर स्मैक तस्करी शुरू की। दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

## दिल्ली में नंदू गैंग के बदमाशों का एनकाउंटर, दो शूटर के पैर में लगी गोली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें दो शूटरों के पैर में गोली लगी है। दिल्ली पुलिस की विशेष सेल के अनुसार, जाफरपुर कलां इलाके में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद कपिल सांगवान उर्फ ??नंदू गिरोह के दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों अपराधी पैर में गोली लगने के बाद घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये बदमाश छावला इलाके में एक व्यवसायी के घर पर जबरन वसूली के लिए गोलीबारी करने के मामले में वांछित थे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, दिल्ली समेत चार राज्यों में कई आपराधिक मामले में वांछित मेवात के कुख्यात बदमाश पप्पी उर्फ पप्पू को दक्षिण-पूर्वी जिला के एसटीएफ ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। उसके दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और केरल पुलिस को इसकी तलाश थी। वह न केवल उत्तर भारत में सक्रिय था बल्कि दक्षिण भारत में भी अपना गिरोह फैलाना शुरू कर दिया था। इसके पास से एक पिस्टल, चार कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की गई है। इसपर 65 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें हत्या का प्रयास, लूट, शस्त्र अधिनियम, पुलिस टीम पर गोलीबारी, एटीएम तोड़ने, वाहन चोरी आदि शामिल हैं।

## दिल्ली वालों को खूंखार कुत्तों से मिलेगी राहत, द्वारका और बिजवासन में बनेगा डॉग शेल्टर सेंटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की सड़कों से खूंखार कुत्तों को हटाकर शेल्टर होम में रखने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से एमसीडी ने इस दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है। उसने खूंखार कुत्तों को रखने की मौजूदा क्षमता को कुछ माह में बढ़ाकर दोगुनी करनी की तैयारी की है। अभी एमसीडी के शेल्टर होम में कुत्तों को रखने की मौजूदा क्षमता 4,000 है, जिसे कुछ माह में 8,000 तक किया जाएगा। सेक्टर 29 द्वारका व बिजवासन में डॉग शेल्टर सेंटर बनाया जाएगा। इसकी तैयारियों के मद्देनजर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मसूदपुर, बिजवासन और द्वारका में पांच पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) सेंटरों का निरीक्षण किया। उनके साथ आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर गठित एमसीडी की उपसमिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह, शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं उपसमिति के सदस्य योगेश वर्मा, अतिरिक्त आयुक्त एलडी मेघवाल, अतिरिक्त निदेशक हेमंत कौशिक, जोनल अधिकारी तथा पशु चिकित्सा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## धनखड़ को अभी तक नहीं मिला सरकारी बंगला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस्तीफा देने के बाद अभी भी उपराष्ट्रपति के आधिकारिक आवास में ही रह रहे हैं। उन्हें अभी तक नया सरकारी बंगला नहीं मिला है। इसकी प्रक्रिया अभी भी जारी है। इस बीच खबर आ रही है कि वह जल्द ही दक्षिण दिल्ली के छतरपुर एनक्लेव स्थित निजी आवास में शिफ्ट हो सकते हैं।



आपको बता दें कि धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया था। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद का चुनाव होना है और उससे पहले उन्हें संसद भवन परिसर के पास चर्च रोड स्थित उपराष्ट्रपति आवास खाली करना होगा।

धनखड़ पिछले वर्ष अप्रैल से उपराष्ट्रपति आवास में रह रहे थे। लेकिन अब तक उन्हें सरकारी आवास आवंटित नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को टाइप-8 बंगला दिया जाता है। इसका प्रबंधन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (डायरेक्टरेट ऑफ एस्टेट्स) करता है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय के अधिकारी धनखड़ से मिले थे, लेकिन अगले आवास को लेकर चर्चा आगे नहीं बढ़ पाई। ऐसे में धनखड़ ने अंतरिम व्यवस्था के रूप में छतरपुर एनक्लेव का निजी मकान चुना है। धनखड़ के दफ्तर ने मंत्रालय को औपचारिक अनुरोध भेज दिया है। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा, जब अनुरोध प्राप्त होता है तो उपलब्ध विकल्प पूर्व उपराष्ट्रपति को दिखाए जाते हैं। चयन के बाद सीपीडब्ल्यूडी जरूरी मरम्मत और संशोधन का काम शुरू करती है। इस पूरी प्रक्रिया में आमतौर पर कम से कम तीन महीने लग जाते हैं।

## तियानजिन में पीएम से मिलने के बाद रो पड़ी चीनी महिला

**तियानजिन , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को चीन के तियानजिन शहर पहुंचे। वहां उनका भव्य स्वागत हुआ। पीएम मोदी की चीन यात्रा से चीनी लोग भी काफी उत्साहित दिखे। एक चीनी महिला, जिसके पति भारतीय हैं, ने पीएम मोदी से मिलने के बाद खुशी के कारण रो पड़ी। महिला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देखकर वह खुशी से अभिभूत हो गई। उसने कहा कि मुझे भारत से प्यार है... मुझे प्रधानमंत्री मोदी से प्यार है। बता दें कि तियानजिन के बिनहाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत के बाद प्रधानमंत्री मोदी होटल पहुंचे और वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम देखे। महिला ने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए यहां आकर बहुत खुश हैं। इनमें पारंपरिक कथक और ओडिसी नृत्य शामिल थे। ओडिसी नृत्यांगना झांग जिंगहुई ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए प्रदर्शन करने के सम्मान के बारे में बताया। उसने कहा कि मुझे थोड़ी घबराहट हुई, लेकिन यह मेरे और मेरी टीम के लिए बहुत सम्मान की बात है। मैंने 13 साल से अधिक समय तक ओडिसी सीखी है। हमने दो महीने तक इसका अभ्यास किया और प्रस्तुति दी।वहीं, चीनी कथक नृत्यांगना डू जुआन ने कहा कि पीएम मोदी के सम्मान में नृत्य करना अविस्मरणीय था। जुआन ने कहा कि मैं मोदी जी के लिए नृत्य करने को लेकर बहुत उत्साहित थी। यह जीवन भर का एक अविस्मरणीय अनुभव था।

# अयूब और नवाज के तूफानी अर्धशतक

## पाकिस्तान की यूएई पर जीत



**शारजाह, एजेंसी।** सैम अयूब और हसन नवाज के तूफानी अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में संयुक्त अरब अमीरात को 31 रन से हरा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने 38 गेंदों पर 69 रन बनाए जबकि नवाज ने 26 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली जिसमें छह छक्के शामिल हैं। कप्तान सलमान अली आगा ने लगातार दूसरी बार टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और पाकिस्तान ने 20 ओवरों में 207 रन बनाए। यूएई की तरफ से तेज गेंदबाज सगीर खान ने 44 रन देकर तीन विकेट लिए। मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ खान ने यूएई के लिए अपने 50वें टी-20 मैच का जश्न 35 गेंदों पर 77 रन की आक्रामक पारी के साथ मनाया, लेकिन उनके अलावा केवल कप्तान मोहम्मद वसीम (33) ही कुछ योगदान दे पाए। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर यूएई को आखिर में आठ विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान की तरफ से हसन अली ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज (21 रन देकर दो विकेट) ने भी किफायती गेंदबाजी की, जबकि सलमान मिर्जा और अयूब ने एक-एक विकेट लिया। दोनों टीमें नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में कम से कम एक बार फिर से आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट की तीसरी टीम अफगानिस्तान है।

# अश्विन का विदेशी लीग्स में खेलने की अफवाहें के बीच बड़ा खुलासा

## आईपीएल से संन्यास के बाद ये है प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद हाल ही में आधिकारिक तौर पर आईपीएल से भी संन्यास ले लिया है। जहां आईपीएल से संन्यास के बाद अश्विन के विदेशी लीग्स में खेलने की अफवाहें उड़ रही थी वहीं अब अश्विन ने खुलासा किया है कि कोचिंग उनका भविष्य हो सकता है। 38 वर्षीय अश्विन ने अपना आईपीएल करियर चेन्नई सुपर किंग्स के साथ समाप्त किया। अपने यूट्यूब चैनल ऐश की बात पर अश्विन ने खुलासा किया कि कोचिंग ही उनका भविष्य है। अश्विन ने कहा, मैं बहुत आवेगशील व्यक्ति हूं। जब मैं किसी चीज में दृढ़ विश्वास रखता हूं, तो उसके पीछे भागता हूं। अब मैं खेल में आनंद के पीछे भाग रहा हूं। मेरा अगला अध्याय शायद कोचिंग हो सकता है। इसके लिए मैं इसे एक बहुत ही महत्वपूर्ण साधन मानता हूं। मुझे विश्वास है कि खेल मुझे इसके लिए तैयार कर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि अश्विन ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान उनके खिलाड़ी और कोच की दोहरी भूमिका निभाने पर भी चर्चा हुई थी। उन्होंने आगे कहा, दरअसल, जब मैं राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहा था, तब हमने इस विषय (कोच-कम-खिलाड़ी) पर चर्चा की थी। मैं नाम नहीं लूंगा क्योंकि यह मेरे लिए सही नहीं होगा। लेकिन हमने इस बारे में चर्चा की थी कि क्या कोई क्रिकेटर के रूप में खेलते हुए एक ही समय में कोचिंग की भूमिका भी निभा सकता है। यह बात आगे नहीं बढ़ी।

# फिटनेस टेस्ट से गुजरे रोहित शर्मा, एशिया कप से पहले शुभमन गिल समेत ये खिलाड़ी भी पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उपकप्तान शुभमन गिल एशिया कप 2025 की तैयारियों और फिटनेस टेस्ट के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंच गए हैं। गिल के साथ-साथ वनडे के कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी प्री-सीजन फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई में पहुंचे हैं। भारतीय टीम के सदस्य 4 सितंबर को दुबई में इकट्ठा होंगे, ताकि 9 सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच की तैयारी कर सकें।

38 साल के रोहित शर्मा, जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, वो भी सीओई में फिटनेस टेस्ट के लिए पहुंचे हैं. यह प्रक्रिया रविवार तक पूरी हो सकती है, और यह देखना रोचक होगा कि रोहित, जो अब केवल वनडे फॉर्मेट में खेलते हैं, नए सीजन की शुरुआत कैसे करते हैं. रोहित अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा सकते हैं. इस फिटनेस टेस्ट के दौरान खिलाड़ियों को ब्रोंको टेस्ट और यो-यो टेस्ट से गुजरना है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, खिलाड़ियों के पहले दिन के टेस्ट हो गए हैं ।

# कीरोन पोलार्ड का जश्न 24 घंटे भी नहीं चला

**तरौबा, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग के दौरान कीरोन पोलार्ड ने टी20 क्रिकेट में अपने 14000 रन पूरे किए। अब एक दिन बाद ही इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स के भी टी20 में 14 हजार रन हो गए हैं। हेल्स भी इसी लीग में खेल रहे हैं और पोलार्ड की टीम त्रिबानगो नाइट राइडर्स का ही हिस्सा हैं। हेल्स ने गुयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ हुए मुकाबले में 74 रनों की पारी खेली। इसी पारी के दौरान उनके 14 हजार रन पूरे हो गए। एलेक्स हेल्स टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे और इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। हेल्स और पोलार्ड से पहले वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम इस फॉर्मेट में 14000 रन थे। 36 साल के हेल्स ने 2009 में टी20 डेब्यू किया था। अभी तक 505 पारियों में उन्होंने 30 की औसत से 14024 रन बनाए हैं।

## बीडब्ल्यूवर्ल्ड चैंपियनशिप

# विश्व चैंपियनशिप में सात्विक-चिराग का कमाल

## कांस्य पदक के साथ अभियान का समापन किया

**पेरिस, एजेंसी।** सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग की जोड़ी चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलयेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था।




सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने इसके बाद शानदार वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली। सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त हासिल करने में मदद मिली।

इसके बाद चिराग ने नेट पर बार-बार गलतियां की और सात्विक की सर्विस भी अच्छी नहीं रही जिससे चीन की जोड़ी ने स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। सात्विक के ज़बरदस्त स्मैश और भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत उन्होंने 21-18 से जीत हासिल की और निर्णायक गेम में प्रवेश किया। तीसरा गेम हालांकि एकतरफ़ा रहा। लियू की सर्विस ने चिराग को बार-बार परेशान किया और चीनी जोड़ी ने 9-0 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी इंटरवल के समय 3-11 से पीछे थी और इसके बाद वह वापसी करने में नाकाम रही।



# महिला केंद्रित वेब सीरीज एक्टिंग की दुनिया में वापसी कर रही हैं सना मकबूल

लंबे ब्रेक के बाद अभिनेत्री सना मकबूल अब महिला केंद्रित वेब सीरीज के साथ वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री का कहना है कि लंबे समय तक चुपचाप अपनी सेहत का ख्याल रखने और खुद को दोबारा तैयार करने के बाद अब फिर से एक्टिंग की दुनिया में कदम रख रही हैं। सना ने अपनी जिंदगी के सफर को याद करते हुए कहा कि जब हालात ने उन्हें रुकने पर मजबूर किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि महिलाएं अक्सर खुद को सबसे आखिर में रखती हैं, अपने सपनों को, अपनी सेहत को, और अपनी खुशी को भी।

उन्होंने कहा, मेरे लिए महिलाओं से जुड़ी एक कहानी के साथ वापसी करना बहुत खास है। ये मेरी तरफ से एक संदेश है कि हम सबको दूसरा मौका मिलना चाहिए, और हम सबकी बात सुनी जानी चाहिए। उनकी आने वाली वेब सीरीज महिलाओं की भावनाओं, ताकत और जज्बे पर आधारित होगी, जो सना की जिंदगी के अनुभवों से भी मेल खाती है। इस प्रोजेक्ट को उन्होंने इसलिए चुना क्योंकि वह ऐसे किरदारों को सामने लाना चाहती थीं, जो साहस, उम्मीद और आत्म-खोज की मिसाल पेश करें। सना को आखिरी बार सुर्खियों में तब देखा गया था, जब जून में उनकी करीबी दोस्त, डॉ. आशना कंचवाला ने अस्पताल से एक इमोशनल पोस्ट शेयर की थी। इंस्टाग्राम स्टोरी पर सना की एक बीमार हालत में तस्वीर साझा करते हुए आशना ने लिखा था, मेरी सबसे स्ट्रॉन्ग दोस्त। तुमने जैसी हिम्मत दिखाई है, मैं तुम पर गर्व करती हूं। तुम जल्द ही इस मुश्किल से बाहर आओगी। इसके कुछ दिन बाद, सना ने भी सोशल मीडिया पर अपने फैन्स को धन्यवाद कहा और सभी से दुआओं की गुजारिश की। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने हाथ में एक डॉल पकड़ी थीं और लिखा था, मेरे इस तूफान के बीच, वह मेरे लिए पहला लैबुबू लाया। इसके साथ ही सना ने एक इंटरव्यू में अपने हेल्थ इश्यू के बारे में खुलकर बताया था। उन्होंने कहा था, इस बीमारी में शरीर अपने ही अंगों पर हमला करता है। मेरे केस में यह लिवर को प्रभावित कर रहा है। यह लुपस की तरह है, जिसमें किडनी या जोड़ों पर असर होता है।

# 'जातस्य मरणं ध्रुवं' के लिए मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ले रही हैं शीना चौहान



साउथ इंडियन एक्ट्रेस शीना चौहान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म है 'जातस्य मरणं ध्रुवं', जिसमें वे एक आईपीएस ऑफिसर के किरदार में दिखाई देंगी। इस फिल्म के लिए वे मार्शल आर्ट की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। 'जातस्य मरणं ध्रुवं' में शीना की जोड़ी जेडी चक्रवर्ती के साथ जमेगी। जेडी को हिंदी फिल्म 'सत्या' में देखा गया था। एक्ट्रेस शीना कराटे में ब्राउन बेल्ट और एमएमए- कराटे चैंपियनशिप में राज्य स्तर की खिलाड़ी रह चुकी हैं। अब वे फिल्म में अपने कैरेक्टर को और दमदार बनाने के लिए मार्शल आर्ट सीख रही हैं। वह हैदराबाद में एक निजी कोच के साथ प्रतिदिन 90 मिनट की ट्रेनिंग ले रही हैं। इसमें ताकत के साथ ही आधुनिक युद्ध की बारीकी पर ध्यान केंद्रित करना सिखाया जा रहा है। इस बारे में बात करते हुए शीना ने कहा, मेरे लिए परफॉर्मेंस के साथ ही प्रक्रिया भी काफी महत्वपूर्ण है। चाहे वह मेरी मार्शल आर्ट हो, जिम वर्कआउट हो, या असली अधिकारियों का अध्ययन करने में बिताया गया समय हो, यह सब मुझे किरदार को ईमानदारी से जीने में मदद करता है। शीना को आखिरी बार फिल्म संत तुकाराम में देखा गया था। इसमें उन्होंने अवली जीजाबाई का किरदार बड़े ही प्रभावशाली ढंग के साथ निभाया था। इसके लिए लोगों और समीक्षकों ने उनकी तारीफ भी की थी। तेलुगु फिल्म 'जातस्य मरणं ध्रुवं' एक सस्पेंस-थ्रिलर मूवी है, जिसमें कई अप्रत्याशित मोड़ आते हैं। इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में है।



# लव इंश्योरेंस कंपनी में 2040 की मोहब्बत को फिर से परिभाषित करती दिखीं कृति शेट्टी

साउथ इंडियन सिनेमा की सबसे होनहार युवा अभिनेत्रियों में से एक, कृति शेट्टी ने अपनी पहली फिल्म उप्पेना में अपनी सफलता के बाद से भावनात्मक रूप से समृद्ध और युवा भूमिकाएँ चुनने के लिए तेज़ी से अपनी पहचान बनाई है। मासूमियत और सशक्त स्क्रीन प्रेजेंस का सुंदर मेल उनकी पहचान बन चुका है। अब वे विनेश शिवन द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी में साइंस फिक्शन की दुनिया में बड़ा कदम रख रही हैं, जहाँ वह प्रतीक रंगनाथन के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। यह उनकी फिल्मोग्राफी में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, क्योंकि वे छोटे शहरों की कहानियों और रोमांटिक कॉमेडी से निकलकर एक हाई-कॉन्सेप्ट फ्यूचरिस्टिक लव स्टोरी में नजर आएंगी, जो तकनीक, टाइम ट्रैवल और भावनाओं के धुंधले दायरों की पड़ताल करती है। हाल ही में रिलीज़ हुए टीज़र लव इंश्योरेंस कंपनी- फर्स्ट पंच में कृति के किरदार को साल 2040 की एक अनोखी साइंस-फिक्शन दुनिया में पेश किया गया है। सफेद पोशाक में सजी हुई, हाथों में फूल लिए, बारिश में बाहर निकलती कृति एक ऐसा दृश्य पेश करती हैं जिसे भूल पाना मुश्किल है। और अगर ये नज़ारा लंबे समय तक आपकी याद में न रहे, तो फिर क्या रहे? इसके बाद जो कहानी शुरू होती है, वो है 2040 की एक बेहद दिलचस्प प्रेम गाथा – एक ऐसा दौर जब दुनिया प्यार की भाषा और रोमांस को उस रूप में पीछे छोड़ चुकी है जैसा हम आज जानते हैं। जहां प्रतीक रंगनाथन का किरदार समय की परतों को पार करता है सच्चे प्यार की तलाश में, वहीं कृति इस ट्रेलर की विजुअल टोन को एंकर करती हैं – सजीव, सौम्य, भावनात्मक रूप से दूर, फिर भी संभवत: एक परिवर्तनकारी मोड़ के कगार पर लव इंश्योरेंस कंपनी कृति शेट्टी के करियर की अब तक की सबसे रोमांचक भूमिकाओं में से एक साबित हो सकती है – न केवल एक रोमांटिक लीड के रूप में, बल्कि एक ऐसे भविष्य की भावनात्मक और दार्शनिक केंद्र के रूप में भी, जो कल्पना की सीमाओं को चुनौती देता है। इंटरनेट पर कई फैन थ्योरीज़ सामने आ रही हैं, जिनमें कहा गया है कि उनका किरदार एक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) हो सकता है, जो अनजाने में प्रेम की अनुभूति करने लगता है। अगर ऐसा होता है, तो यह भूमिका कृति को एक बिल्कुल नए इमोशनल स्पेक्ट्रम को एक्सप्लोर करने का मौका देगी।